अमर उजाला 10/10/2025

# शिविर में 80 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह मानवता की सर्वोच्च सेवा है। शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का आयोजन स्व. अंजली वधावन की स्मृति में किया गया। संवाद